## खबर संक्षेप

### विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने वनस्पति विभाग, कंप्यूटर विभाग, प्राणी शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विभागों के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा तनु एवं कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर साइंस विभाग के रवि कुमार एवं अजय कुमार बीएससी आईटी अंतिम वर्ष के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रसायन विभाग की महक और अमृत पाल बीएससी अंतिम वर्ष की छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



### गंदगी के ढेरों से आमजन परेशान

**शाहबाद।** नगर के हुड्डा पार्ट 1 जैसे पॉश इलाके में कई जंगह कूड़े के ढेर लगे हुए है। कई बार सफाई कर्मचारी और कूड़ा करकट उठाने वाले गाड़ी के कर्मचारियों को भी खाने के बाद उनके कानों पर जू तक नहीं रेंगती। जब समस्या को नपा के सेनेटरी अफसर नरेंद्र कुमार को अवगत कराया तो उन्होंने कहा जल्द ही सफाई करवा दी जाएगी लेकिन एक महीना होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई कबाड़ की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। ऐसा लगता है की सेनेटरी अफसर की पकड़ अपने कर्मचारियों पर नहीं है।

### पिपली की गलियों में निकाली प्रभातफेरी



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पिपली सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. प्रेरणा बहन ने बताया कि बसंत पंचमी के सुअवसर पर पिपली की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। फरवरी माह में शिव जयंती का पर्व है। इसलिए पूरा मास विभिन्न गांवो में जाकर शिव जयंती के पर्व के महत्व को भी बताया जाएगा। प्रेरणा बहन ने बताया कि आज ब्रह्म मुहर्त से ही आसपास के गांवों के भाई बहनो द्वारा प्रभातफेरी में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। गई। इस दौरान आमजन को शिव परमात्मा के नारों के द्वारा शिव संदेश भी दिया गया। जागो-जागो समय पहचानो, घरा पर भगवान आये हैं....। इस प्रकार से पिपली की गलियों में नारों से लोगों ने प्रातः उठ कर प्रभात फेरी का स्वागत किया।

### कुलपति ने किया केयू पुरुष छात्रावासों का दौरा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ तथा कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न पुरुष छात्रावासों का दौरा किया। इस अवसर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विवेकानन्द छात्रावास, भगत सिंह, नरहरि, रणबीर आदि पुरुष छात्रावासों को दौरा करते हुए खाने की गुणवत्ता जांची। इसके साथ उन्होंने छात्रावासों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा, होस्टल में रहने, साफ-सफाई, कॉमन रूम, मैस व्यवस्था की जांच की। कुलपति

### बारना के मंदिर में शिवलिंग की स्थापना

**कुरुक्षेत्र।** गांव बारना में नवनिर्मित मंदिर में सोमवार को नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई। इस दौरान विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्राह्मणों ने रूद्राभिषेक के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। नारायण मंदिर ट्रस्ट के प्रधान सुखबीर सिंह व धर्मपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई है। इस मंदिर का निर्माण बीते कई वर्षों से चला हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूरा किया गया है।

---

### सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

# विधायक ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

विधायक ने प्रशासन के विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को मौके पर ही फोन के माध्यम से निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर हलके की जनता की समस्याएं सुनी। उन्होने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम में हलके की जनता उनके समक्ष विभिन्न प्रकार की शिकायतें एवं समस्याएं लेकर आती है, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निवारण कर दिया जाता है और जो समस्याएं एवं शिकायतें लंबित रहती है उनका समाधान करने के लिए प्रशासन के विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों को मौके पर ही फोन के माध्यम से निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज जनसुनवाई कार्यक्रम में रामप्यारी निवासी नन्हेडा ने आर्थिक सहायता देने, अंगूरी देवी निवासी इस्लामनगर ने सफाई कर्मचारी के तहत कार्य करने की पेमेंट दिलवाने, हिनौरी निवासी बलबीर आदि ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने, बुढा खेडा निवासियों ने हरिजन धर्मशाला के रूके हुए कार्य को पूरा करवाने, जनेसरो के निवासियों ने बीपीएल प्लाटों में बिजली, पानी उपलब्ध करवाने सहित अनेकों समस्याओं को रखा और इन में से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निवारण करवा दिया है। उन्होंने बताया कि जन सुनवाई कार्यक्रम में हलके से सैकड़ों की संख्या में लोग उनके ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से जनता बिजली, पानी, पेंशन, पानी की निकासी, रोजगार, पक्का मकान बनवाने की ग्रांट, गलियां-नालियां, अनुदान दिलवाने, चौपाल बनवाने, अनुदान राशि दिलवाने, स्थानांतरण, पक्का मकान बनवाने जैसी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आते हैं।



**इंद्री।** विधायक रामकुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### सर्व कर्मचारी संघ को विधायक ने दिया आश्वासन

इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री के पदाधिकारियों ने हरियाणा का अलग वेतन आयोग, पिछले वेतन आयोग में रह गई विसंगतियों को ठीक करने सहित अन्य मांगों बारे, हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी. मैकेनिकल वर्करज यूनियन के पदाधिकारियों ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को कार्यमुक्त न कर सेवा, सुरक्षा बिल के तहत सेवा सुरक्षित करने एवं रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्यों ने अलग-अलग विधायक रामकुमार कश्यप से मिलकर अपनी अपनी मांगों को पूरा करवाने से संबंधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन के उपरांत विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप ने तीनों संगठन के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखेंगे ताकि इन संगठनों द्वारा ज्ञापनों के माध्यम से उनके समक्ष रखी गई मांगों को सरकार से पूरा करवाया जा सकें ।

---

# प्रभातफेरी का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

श्री सनातन धर्म शिव मंदिर पुराना सर्राफा बाजार की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभातफेरी का सोमवार को कागिजयान मोहल्ला, घुस घाटी, पटवान मोहल्ला, कोट मोहल्ला, सोरिया कुआं व मल्का मोहल्ला में जोरदार भव्य स्वागत किया गया। बच्चों, महिलाओं, पुरुषों ने घरों से बाहर आकर आरती व पूजा अर्चना की और उज्जवल भविष्य के लिए मन्नतें मांगी। जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया। भजन मंडली ने जब शिव शंकर हैं भोले भाले हैं भक्तों के रखवाले गाया तो श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। सभा के प्रधान रमेश जिंदल ने बताया कि महाशिवरात्रि तक प्रभात फेरी शहर के कोने-कोने में निकाली जाएगी। भगवान भोलेनाथ की कृपा अपरंपार है। प्रभातफेरी में शामिल होकर धर्म लाभ उठाएं। पांच फरवरी को प्रभातफेरी सब्जी मंडी, लाभ सिंह कालोनी, चार चमन, न्यू चार चमन व पुरुषोत्तम गार्डन व राम बाग में निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन शहर में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। 12 फरवरी से 24 फरवरी तक सांग का आयोजन होगा। सांगी बसेशर सिंह व सांगी मोहमद मीर प्रस्तुति देंगे। 24 फरवरी को रागिनी कम्पीटिशन में पेप्सी शर्मा अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। 19 से 25 फरवरी तक शिव पुराण कथा का आयोजन सत्यनारायण मंदिर हनुमान गली में किया जाएगा। इस अवसर पर बी.बी. गुप्ता, रत्न गुप्ता, श्याम, सुनील, संजय गोयल, अशोक, प्रवीण, हुकमा आदि रहे।

---

# शिव प्रभात फेरी मंच ने निकाली प्रभातफेरी, लगे भोले के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभात फेरी मंच की ओर से शहर में प्रभातफेरी निकाली जा रही है। 26 फरवरी तक अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभातफेरी पहुंचेगी। सोमवार को सेक्टर सात में श्रद्धालुओं ने प्रभातफेरी का जोरदार स्वागत किया। हर हर महादेव के जयकारे लगाते लोग घरों से बाहर निकले। पालकी पर पुष्प वर्षा की गई। पालकी के साथ चलने वाले भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। सच्चे हृदय से भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति का जीवन सार्थक हो जाता है। उसके पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रभातफेरी अर्जुन पंडित के निवास से शुरू हुई और सेक्टर की परक्रिमा के बाद यहीं विश्राम लिया गया। प्रभातफेरी में विनोद गुप्ता, राजू भुटानी, राजू डोडा, प्रमोद सपरा, गोपाल, वीना सेठ, प्रमोद नागपाल, सुनील मदान, राजेश कुमार, प्रवीण सचदेवा, सुरिंद्र पाल, धर्मेंद्र चावला व अनिल छाबड़ा आदि शामिल रहे।

### श्री करणेशवर मन्दिर में हुआ हवन

**करनाल।** भारत विकास परिषद माधव शाखा की महिला विंग द्वारा श्री करणेशवर मन्दिर सेक्टर सात में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मां सरस्वती, मां काली व मां लक्ष्मी का विशेष रूप से पूजन किया गया। आरती व भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण हुआ। संगीता गिरधर व दीपाली गोयल ने गणेश वंदना की और फिर सदस्यों ने भजनों के द्वारा माहौल को और भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर एवं महिला प्रमुख परिणीता कपूर ने कहा कि पतंग उत्सव भी बसंत के आगमन और सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। मां सरस्वती की पूजा से ज्ञान में वृद्धि होती है। मां काली की पूजा से शक्ति मिलती है तथा मां लक्ष्मी की पूजा से समृद्धि मिलती है।

# पतंग सजाओ व सरस्वती को पीले रंग से सुशोभित प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



जेसीआई करनाल गोल्ड की जूनियर विंग और महिला विंग की ओर से अटल पार्क में पतंग सजाओ प्रतियोगिता व सरस्वती की कृपा - पीले रंग से सुशोभित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जेजे विंग और जेसीरिट विंग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और कई प्रकार के खेल भी खेले। प्रोजेक्ट डायरेटक्र की भूमिका जेसीआरटीटी कंचन गोयल व सह प्रोजेक्ट डायरेक्टर की भूमिका जेसीआरटीटी नेहा गुप्ता ने अदा की। प्रोजेक्ट सलाहकार जेसीआरटीटी सीमा गुप्ता रहीं। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को जेजे विंग के जोन डायरेक्टर जेडजेसी मुनीष बंसल ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर जेसीआरटी विंग की चेयरपर्सन जेसीआरटीटी सिम्मी बंसल ने कहा कि माता सरस्वती विद्या, बुद्धि और विवेक की देवी हैं। उनकी पूजा अर्चना करने से जीवन में खुशियां व समृद्धि आती है। इस अवसर पर जेसीआरटी विंग की चेयरपर्सन जेसीआरटीटी सिम्मी बंसल, आईपीसीपी जेसीआरटीटी नेहा गर्ग, सचिव जेसीआरटीटी मोनिका बंसल, कोषाध्यक्ष जेसीआरटीटी मानसी भुटानी, जेसीआरटी मोनिका गुप्ता, जेसीआरटी अर्पणा सिंगला, जेसीआरटी मीनाक्षी आदि रहे।

---

# शहरवासी प्रॉपर्टी आईडी को सेल्फ सर्टिफाई कर अपना डाटा करें लॉक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- अब तक 57 हजार 71 प्रॉपर्टी आई.डी. हो चुकी स्व-प्रमाणित - डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।
- ऑनलाईन आपत्ति तथा सेल्फ सर्टिफाई करवाने के लिए नगर निगम की सीएफसी में 2 काउंटर

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शहरवासियों से अपील करते कहा है कि सभी सम्पत्तिधारक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जिन सम्पत्तिधारकों की प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम, क्षेत्र, पता व सम्पर्क नम्बर जैसी त्रुटियां दुरूस्त हो चुकी हैं, वह सभी नागरिक भी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर लें। उन्होंने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र की 57 हजार 71 प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं।

उन्होंने ऐसे सम्पत्तिधारकों से भी अपील करते कहा कि जिन्होंने हाल ही में रजिस्ट्री करवाई है, वह भी प्रॉपर्टी आई.डी. पर अपना सारा विवरण अच्छे से चेक करके उसे स्व-प्रमाणित कर अपनी आई.डी. को लॉक कर लें, ताकि कोई अन्य व्यक्ति प्रॉपर्टी आई.डी. से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न कर सके।

उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी सम्पत्तिधारक की प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा में कोई त्रुटि हो, तो रजिस्ट्री व आधार कार्ड जैसे सम्बंधित दस्तावेज लेकर किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) में आकर ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस कार्य के लिए दो विंडो अलग से लगी हुई हैं। जिन लोगों का प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा सही है, वह भी इन विंडो पर आकर सेल्फ सर्टिफाई करवा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन व्यक्तियों को अपनी नई प्रॉपर्टी आई.डी. मालूम नहीं है तो वह अपनी प्रॉपर्टी की क्रंट लोकेशन लेकर इन्हीं विंडो से अपनी नई प्रॉपर्टी आई.डी. प्राप्त कर सकता है। अगर उनके पास अपनी पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी. है, तो वह उसे भी साथ लेकर आएं। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शहरवासियों से अपील करते कहा है कि सभी सम्पत्तिधारक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित अवश्य करें।

# फाइन आर्ट्स में बताईं करियर की संभावनाएं





हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

राजकीय महिला महाविद्यालय बसताडा घरौंडा में प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी के कुशल दिशा निर्देशन व महिला प्रकोष्ठ तथा एनएसएस इकाई के सौजन्य से चार दिवसीय फाइन आर्ट्स की कार्यशाला के प्रथम दिन का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती पूजा रानी ने छात्राओं को फाइन आर्ट्स की कार्यशाला की महत्ता बताते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास में कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। यह साझा दृष्टिकोण, मूल्य, प्रथा एवं एक निश्चित लक्ष्य को दिखाता है। सभी आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य गतिविधियों में संस्कृति एवं रचनात्मकता का समावेश होता है। कार्यशाला के अंतर्गत माता सुंदरी खालसा कन्या महाविद्यालय से ललित कला संकाय की सहायक प्रवक्ता ओशीन सुरी ने छात्राओं को फाइन आर्ट्स से संबंधित प्रशिक्षण दिया व उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्राओं को बताया कि फाइन आर्ट्स का क्षेत्र करियर बनाने के लिए एक अच्छा क्षेत्र है। फाइन आर्ट्स में न केवल पेंटिंग और रंग शामिल हैं, बल्कि यह वास्तव में जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक विस्तृत क्षेत्र है। इसमें म्यूजिक, डांस, फोटोग्राफी, इंटीरियर डिजाइन, ग्राफिक डिजाइनिंग और चित्रण, रंगमंच, मिट्टी के बर्तन, वास्तुकला, एनीमेशन, अन्य शामिल हैं। इसलिए, यदि आप फाइन आर्ट में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो आपको फाइन आर्ट्स कोर्स के बारे में पता होना चाहिए। कार्यशाला के प्रथम दिन उन्होंने छात्राओं को विभिन्न रेखाओं वक्र तथा शेडिंग का अभ्यास कराया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा ने मैडम ओशीन सुरी को धन्यवाद दिया तथा छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हिंदी सहायक प्रवक्ता डॉ विक्रम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---



# श्री संकटमोचन हनुमान मन्दिर के स्थापना दिवस पर किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नीलोखेड़ी

गत दिवस बक्शी ब्राह्मण सभा द्वारा शांतिनगर में स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मन्दिर के स्थापना दिवस और बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सप्रेम स्मृति चिन्ह भेंट कर शर्मा परिवार को सम्मानित किया।इस बारे बक्शी ब्राह्मण सभा के कोषाध्यक्ष गौरव बक्शी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मन्दिर के स्थापना दिवस पर यहाँ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हवन पूजन से की गई जिसमें यजमान रूप वीरेंद्र शर्मा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमति वीरांवाली बैठे।उसके पश्चात सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया।पाठ समापन के पश्चात सबने भजन कीर्तन किया तत्पश्चात विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।मौके पर बक्शी ब्राह्मण सभा,शर्मा परिवार तथा शहर के प्रतिष्ठित परिजन मौजूद रहे।

### चौथे दिन घृताधिवास एवं मधुधिवास अनुष्ठान हुए संपन्न

# शिव शक्ति धाम मंदिर में हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



आनंद विहार स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर में आयोजित किए जा रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन घृताधिवास एवं मधुधिवास पूजन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। सायंकाल में माता की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें राजीव नारंग एंड पार्टी ने महामाई का गुणगान किया। यजमानों के रूप में तारकेश्वर रावत, रामाकांत महतो, डा. मनोज मित्तल, पंकज कुमार, दिलीप साह, रामाश्रय महतो, रामप्रवेश कुमार, अर्जुन महतो, रामप्रीत प्रसाद, लूटन महतो, ललन कुमार, बिंदू, अनमोल ठाकुर, अजय महतो, सतीश साह, दक्षपाल सिंह, अजय शर्मा, प्रभाष झा ने शिरकत की। यजमानों को मंदिर की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए गए। प्रमुख पुजारी पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहित अन्य पंडितों ने अनुष्ठान विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ करवाए। उन्होंने कहा कि भगवान की मूर्तियों को शक्तियों से ओतप्रोत करने में अधिवास सहायक होता है। किसी देवी-देवता की मूर्ति जब शास्त्रोक्त विधि से मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठित हो जाती है तब उसे अमुक देवता का विग्रह कहा जाता है। पांच फरवरी को निकाली जाएगी नगर परिक्रमा इस मौके पर शिव शक्ति सेवा समिति मंडल के प्रधान राम ज्ञान सिंह ने बताया कि मंदिर में भगवान श्री गणेश, मां दुर्गा, श्री शनि देव, शिव परिवार व श्री हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। पांच फरवरी को विशाल एवं भव्य नगर परिक्रमा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल होंगे। छह फरवरी को मूर्ति स्थापना होगी और हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समारोह में राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। चार फरवरी को वस्त्राधिवास, मिठाधिवास एवं आरती कार्यक्रम होगा। प्रतिदिन सुबह नौ बजे पूजन किया जाएगा।

इस अवसर पर संरक्षक विश्वनाथ पाठक, प्रधान रामज्ञान सिंह, उपप्रधान दिलीप साह, महासचिव जितेंद्र कुमार, सह सचिव अभिषेक राज, सह सचिव रवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, ऑडिटर प्रभाष कुमार, प्रचार सचिव जितेंद्र ठाकुर, सह प्रचार सचिव नरेश कुमार, अधिवक्ता कपिलदेव सिंह, सलाहकार निरंजन दास, मीडिया प्रभारी ओम कुमार, संगठन सचिव परमानंद कुमार, सह संगठन सचिव संजीव कुमार, बलविंद्र गुप्ता, उपेंद्र कुमार, कार्यकारिणी सदस्य तारकेश्वर रावत, लूटन महतो, तिरथ तिवारी, विनोद साह, आकाश शर्मा, गुड्डू साह, गोपाल शर्मा, राजेश पासवान, नागेंद्र साह, पप्पू साहनी, सूरत यादव, कृष्ण शर्मा, दिवाकर प्रसाद, दिलीप कुमार व रामनाथ वर्मा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### घर से लाखों के आभूषण चोरी

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 11 स्थित एक बंद मकान से चोरों ने नगदी व लाखों के जेवर चोरी कर लिए। इधर, चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में राजश्री मंडल मूल निवासी देहरादून उत्तराखंड हाल निवासी सेक्टर 11 हुडा में किराएदार ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करती है। जबकि उसका पति हरिद्वार में नौकरी करता है। 31 जनवरी की शाम को वह अपने मकान का ताला लगाकर पति के पास हरिद्वार चली गई थी। इधर, उनके घर से चोरो ने सोने की चार चूडिया, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की नथ, चार जोड़ी सोने की कानों की बालियां, एक गले का सोने का हार, एक सोने का ब्रेसलेट, एक हीरे की बाली व करीब 200 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी हो गए थे। इसके अलावा 10 हजार कैश भी चोरी हो गया। दो सीसीटीवी कैमरे भी गायब मिले। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत से युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था निवासी एक युवती के लापता हो गई। लड़की घर से पानीपत के एक ट्रेनिंग सेंटर में गई थी, लेकिन इसके बाद घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं गला। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लडकी की तलाश शुरू कर दी है।

### अवैध पिस्तौल के साथ एक पकड़ा

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने मुखिजा कॉलोनी में नहर बाइपास पर निखिल उर्फ टिंकू पुत्र राजेंद्र निवासी गांव काबड़ी जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि आरोपी निखिल उर्फ टिंकू के खिलाफ थाना मॉडल टाउन में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं निखिल पर हत्या व लूट का मामला दर्ज है।

### दुकान से डेढ़ लाख का माल चोरी

**इसराना।** पानीपत के गांव नौल्था के पास बलाना रोड पर स्थित दुकान की पिछली दीवार में चोरों ने सेंध लगा कर करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। दुकान मालिक नरेश निवासी गोहाना ने बताया कि करीब तीन साल पहले उन्होंने यहां दुकान खोली थी। दुकान में मोबाइल फोन, कपड़े, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य सामान रखा था। उन्होंने बताया कि वह शाम को दुकान बंद करके गोहाना चले गए थे। अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचे और शटर खोला, तो देखा कि पीछे की तरफ गेहूं के खेत की ओर दीवार में बड़ा सेंध लगा कर चोरी की गई है।

### गुरु गोरक्षनाथ धर्मशाला में सर्व समाज पंचायत का आयोजन

**पानीपत।** पानीपत के राज नगर में गुरु गोरक्षनाथ धर्मशाला में सर्व समाज पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया की पानीपत में होने वाले नगर निगम के वार्ड 18 जो पिछड़ा वर्ग ए वर्ग के लिए आरक्षित हैं के लिए योगी प्रदीप को उम्मीदवार बनाया। पंचायत की अध्यक्षता रामेश्वर सिंह ने की। इस अवसर पर सतपाल मलिक, रामेश्वर सिंह, रोहतास, प्रदीप वधवा, हरीराम, डा.मजूमदार बंगाली, सुलेख, बलवान शर्मा, जगबीर, अनुज कुमार, अमित, रणधीर सिंह, रविन्द्र कश्यप, राजू वधवा, विशाल रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण माजरा के खेतों में जाने वाले रास्ते पक्के होंगे : ढांडा

# इसराना क्षेत्र में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

हरियाणा सरकार में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के प्रतिनिधि हरपाल ढांडा ने पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। महीपाल ढांडा की भाजपा संगठन द्वारा दिल्ली चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है तो उनकी अनुपस्थिति में उनके बड़े भाई समाजसेवी हरपाल ढांडा ने नारियल फोड़कर गांव ब्राह्मण माजरा व डाहर में महत्वपूर्ण विकास कार्यों की नींव रखी और जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाया।गांव ब्राह्मण माजरा में खेतों में जाने वाले रास्तों को पक्का करने के लिए 1 करोड़ 2 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्य शुरू किया गया। यह परियोजना ग्रामीणों को सुगम यातायात सुविधा प्रदान करेगी, जिससे किसानों को अपने खेतों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी। हरपाल ढांडा ने गांव ब्राह्मण माजरा में हरिजन चौपाल और मंदिर वाली चौपाल का उद्घाटन किया। यह चौपालें ग्रामीणों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोगी साबित होंगी। सरकार हर वर्ग के लोगों को समान सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव डाहर में मंदिर में नवनिर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कबीर आश्रम में शेड के निर्माण और खेतों के रास्तों के उन्नयन कार्य का भी उद्घाटन किया गया।



**पानीपत।** गांव ब्राहमण माजरा स्कूल में हरपाल ढांडा का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

#### ग्रामीणों ने जताया आभार

इन विकास कार्यों की शुरुआत से स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। ग्रामवासियों ने श्री हरपाल ढांडा का गांव में पहुंचने पर उनका ढोल व फूल मालाओं से स्वागत किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इस अवसर पर संजीव दहिया, नरेंद्र बिंझौल, बृजेश मास्टर, सोनू जागलान, बलवान नम्बरदार, धर्मपाल, रोहतास मास्टर, सरपंच मंजू रानी, पवन शर्मा, सन्दीप डॉक्टर, मोनू वर्मा, दीपक पंच, सतेंदर पंच, पवन डाहर, मोनू नांदल सरपंच, कृष्ण आर्य, रामसिंह सैनी, रामफल, जयभगवान, मास्टर करतार आदि उपस्थित रहे।

#### समस्याओं का प्राथमिकता से हल किया जा रहा

वहीं, हरपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जा रहा है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# मोदी सरकार का बजट जनहितैषी: सलूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ बजट किसी एक वर्ग का नहीं अपितु हर वर्ग की उन्नति के लिए पूर्ण सहायक होगा

पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने केंद्र सरकार के बजट को हर वर्ग हेतु उत्कृष्ट बजट बताया। सलूजा ने बताया कि मोदी सरकार एवं वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है और वह देश की प्रगति में पूर्ण रूप से सहायक है एवं जो भी सहूलियतें दी है इसकी देश की जनता को बहुत लंबे समय से प्रतीक्षा थी। आयकर सीमा को 12 लाख रुपये तक करना बहुत ही महत्वपूर्ण नीति मोदी सरकार की है एवं यह ऐतिहासिक भी है। अब एक लाख रुपये की आय पर कोई भी कर नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बताया कि एमएसएमई, शिक्षा, स्वास्थ्य बुनियादी विकास तथा क्षेत्र यहां तक कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी व अनुसंधान के लिए भी मोदी सरकार ने पूर्ण गहनता से विशेष प्रावधान दिया है। यह बजट किसी एक वर्ग का नहीं अपितु हर वर्ग की उन्नति के लिए पूर्ण सहायक होगा। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख तक बढ़ाना जिस से अन्नदाता अत्यधिक प्रगति कर सके। प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान एवं प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मोदी सरकार का यह संपूर्ण बजट है जिस से हर वर्ग प्रगति के पथ पूर्ण तीव्रता से गति करेगा। बजट 2025 की सराहना करते हुए प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पानीपत गजेंद्र सलूजा यह भी बताया कि मोदी सरकार का यह बजट किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर प्रत्येक देशवासी की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है।

# अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा

**पानीपत।** एसड इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष पवन गर्ग की और पैरा ओलंपिक विजेता करन ज्योति दलाल और पानीपत रेलवे स्टेशन के अधीक्षक धीरज कपूर के मुख्य अथिति, विद्यालय प्रबंधन समिति के गणमान्य सदस्यों तथा प्रधानाचार्या रुचि शर्मा की उपस्थिति में हुआ था। जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिनिधियों ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन में पांच प्रमुख समितियां भारतीय राजनीतिक पार्टियां, वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियां और समाधान, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और शांति, खोजी पत्रकारिता व जादुई दुनिया के मुद्दे प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न चर्चाओं के माध्यम से न केवल वैश्विक मुद्दों को समझा बल्कि सार्वजनिक भाषण कला और नेतृत्व गुणों का भी विकास किया। वहीं समापन समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के 11 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।



एसडीआई स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए विद्यार्थी।

# अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती वंदना गायन में पंजाब की सुष्मित प्रथम

**पानीपत।** बसंत पंचमी पर आईबी स्नातकोत्तर कॉलेज के संगीत कला परिषद एवं संगीत विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंत्र एवं सरस्वती वंदना गायन की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता ऑनलाइन थी। जिसमें प्रतिभागीयों द्वारा अपनी दो मिनट की वीडियो विभाग की ईमेल पर भेजी जानी थी। इसमें इंग्लैंड, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित भारत के विभिन्न शहरों से भी प्रतिभागिता दर्ज हुई। प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों के संगीत एवं अन्य कलाओं के क्षेत्र में अपनी रुचि एवं प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल ने सुष्मित कौर रामगढिय़ा गर्ल्स कॉलेज लुधियाना को प्रथम, धरा खरे उत्तम गर्ल्स स्कूल गाजियाबाद को द्वितीय एवं प्रियंका भारद्वाज यूएसए को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया। इसके अतिरिक्त कंचन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसी हरियाणा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। इस अवसर पर संगीत कला परिषद की संयोजिका डॉ.मोनिका वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगीत विभाग ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को संगीत के प्रति आकर्षित करने एवं उचित मार्गदर्शन एवं मंच प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है। इस अवसर पर कॉलेज

# जनता की समस्याओं के निपटारे को अधिकारी गंभीर: सिंह

■ समाधान शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए उजाले की बड़ी किरण : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित किए गए जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि समाधान शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए उजाले की बड़ी किरण है। शिविर में समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों का प्रयास सार्थक नजर आ रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मलिक ने बताया कि शिविर में जो लोग व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते थे आज उनकी राय इसके विपरीत है। अब लोग कम से कम समय में समस्याओं के हो रहे समाधान से खुश भी है और संतुष्ट भी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह की सकारात्मक सोच व अधिकारियों के सबल प्रयासों ने लोगों की राय बदल दी है। इसका लाभ खास तौर पर उन लोगों को मिल रहा है जो निराश थे। उसमाधान में अधिकारियों के प्रयास प्रशासन व शासन की छवि को मजबूत कर रहे है। यह समाधान शिविर में आ रहे अपनी समस्याएं लेकर आ रहे लोगों ने मान लिया है। नगराधीश टीनू पोसवाल ने बताया कि शिविर में ज्यादातर समस्याएं फैमली आईडी में आय कम करवाने से जुड़ी आ रही है। क्रीड विभाग द्वारा इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार पैंशन बनवाने को लेकर शिकायतकर्ता समाधान शिविर में पहुंचते है जबकि उनकी पैंशन बन चुकी होती है। उन्होंने इस पर शिकायतकर्ताओं को अपने आप को अपडेट रखने की बात कही। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का कम से कम समय में समाधान करने व अधिकारियों को समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। इधर, समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायतकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनकी समस्या पर विभाग न केवल सुनवाई करता है बल्कि गंभीरता से कार्य भी करता है। पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याएं बता रही है कि विभाग द्वारा कम से कम समय में समाधान किया जा रहा है।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में जनसुनवाई करते हुए पुलिस कप्तान लोकेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

# भव्य होगी बाबा महाकाल की पालकी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ 26 फरवरी को भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर से राजा महाकाल की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी

महाशिवरात्रि उत्सव की तैयारियों को लेकर और इस अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के लिए श्री कैलाशी सेवा समिति की बैठक आज गंगा धाम मंदिर श्री राम चौंक पर प्रधान अशोक कैलाशी के अध्यक्षता में बुलाई गई। जिसमें प्रधान अशोक कैलाशी ने बताया कि 33वें महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दो फरवरी बसंत पंचमी के उत्सव पर भगवान भोलेनाथ की विवाह की मेहंदी उत्सव का वितरण किया गया था। इस अवसर पर संगीतय कार्यक्रम का आयोजन ललित विशिष्ट ने किया। उन्होंने बताया की 25 फरवरी को महिला संगीत उत्सव श्री गंगा धाम मंदिर में जिसमें भगवान शिव के विवाह से पूर्व मेहंदी और महिला संगीत का आयोजन किया जाएगा एवं 26 फरवरी को भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर से राजा महाकाल की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। संदीप तायल, नरेश, संजय धीमान, ललित वशिष्ठ, प्रदीप, लवली, हिमांशी, अनु, आशीष, विकास, कुलदीप व निशा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पानीपत की जनता से सरकार ने आम बजट को ऑनलाइन कर मांगें सुझाव

■ शहरी हो गया ग्रामीण कोई भी नागरिक, बजट को लेकर दे सकते हैं अपने सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार द्वारा आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। कोई भी नागरिक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरकार के आम बजट को लेकर अपने सुझाव दे सकता है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा का बजट सत्र फरवरी में प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार द्वारा बजट में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिए इस बार नई पहल की है। कोई भी व्यक्ति बजट को लेकर वित्त विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने सुझाव दे सकेगा। सुझाव के लिए बाकायदा क्षेत्रवार जरूरतों के अनुसार आर्थिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक तीन प्रमुख श्रेणियां बनाई गई हैं। सामाजिक कल्याण, पुलिस, स्कूल व हायर एजुकेशन, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल हेल्थ एवं रिसर्च, महिला एवं बाल विकास आदि विषयों पर नागरिक द्वारा सुझाव दिए जा सकेंगे।

#### ऐसे दिए जा सकते सुझाव

हरियाणा सरकार के आम बजट 2025 को लेकर सुझाव देने के लिए वित्त विभाग की साइट एचटीटीपीएस://एफआईएनएचआरवाईडॉटजीओवीडॉटइन/ पर लिंक उपलब्ध करवाया गया है। इसके अलावा सीधे एचटीटीपीएस://बीएएमएसहरियाणाडॉटएनआईसीडॉटइन/बीएसडॉटएएसपीएक्स यूआरएल पर जाकर भी सुझाव दिया जा सकता है। निर्धारित कॉलम में अपना नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा, जिसके बाद आपके मोबाइल पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा। ओटीपी सत्यापन होने पर आपको आर्थिक क्षेत्र की तीन श्रेणियों में से किसी एक का चयन कर सब कैटेगरी भी चुननी होगी। इसके बाद आप निर्धारित बॉक्स में 100 शब्दों के अंदर अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

# हिट एंड रन केस पीड़ितों को मिल रहा आर्थिक सहयोग

■ आरटीए सचिव सहित सभी एसडीएम को सरकार की सहयोग रूवरूप पीड़ित लोगों को दी जाने वाली आर्थिक राशि के लिए प्रभावी रूप से नैतिकता के आधार पर सहयोग करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति अथवा उसके पीड़ित परिवार को समय बद्धता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर कहा कि भारत सरकार की ओर से इस प्रक्रिया के लिए पूरी सहयोग स्वरूप व्यवस्था की गई है ताकि पीड़ित परिवार को निर्धारित समयावधि में ही राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि उक्त आवेदन वेबसाइट एचटीटीपी//डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉट जीआईकांउसिलडॉटइन/इंसोरेंस-एजुकेशन/हिट-एण्ड-रन-मोटर-एक्सीडेंटस के माध्यम से भी आवेदन प्रक्रिया अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने आरटीए सचिव सहित सभी एसडीएम को सरकार की सहयोग रूवरूप पीड़ित लोगों को दी जाने वाली आर्थिक राशि के लिए प्रभावी रूप से नैतिकता के आधार पर सहयोग करने को कहा।

#### दो लाख की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान

उन्होंने सरकार की इस कल्याणकारी सहयोग स्वरूप योजना के बारे में बताया कि हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है तथा यदि उक्त केस में गंभीर चोट लगी है तो उस पीड़ित को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों केस में निश्चित समयावधि के साथ आर्थिक सहयोग राशि आवेदक तक पहुंच जाती है। उक्त आर्थिक सहयोग राशि के लिए गंभीर चोट से ग्रस्त पीड़ित अथवा मृत्यु होने पर उनका कानूनी प्रतिनिधि आवेदक के रूप में जिस क्षेत्र में दुर्घटना घटी है उक्त क्षेत्र के एसडीएम या फिर तहसीलदार के पास आवेदन करेगा और उसके बाद एक माह के अंतराल में संबंधित अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष पेश की जाएगी और 15 दिन के अंतराल में अतिरिक्त उपायुक्त की ओर से सेंक्शन आर्डर मोटर व्हीकल एक्सीडेंट फंड ट्रस्ट के तहत जनरल इंश्योरेंस काउंसिल को जारी कर दिए जाएंगे। जिसके बाद 15 दिन में ही आवेदक के खाते में उक्त नियमानुसार आर्थिक सहयोग राशि पहुंच जाएगी।

# गीता स्कूल में विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय खेल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से बाहरवीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा अध्यापक, अध्यापिकाओं व डीपी राहुल मोर, अजय ने छात्राओं की आयु, योग्यता एवं रुचि के अनुसार स्वास्थ्य वर्धक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन युक्त खेलों का चयन किया। मुख्य अतिथि गीता एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्रधानाचार्य जितेन्द्र उत्तम ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों को पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक रवि शास्त्री, राहुल, नमन, सोनिया, नीरू धीमान व राजबाला आदि उपस्थित रहे।




**पानीपत।** गीता स्कूल की विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण।



**पानीपत।** ज्ञान ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

### बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाएं :गाबा

**पानीपत।** ज्ञान ज्योति चैरिटेबल ट्रस्ट ने विक्टर पब्लिक स्कूल तहसील कैम्प में गरीब व मेधावी छात्राओं के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया। इस परीक्षा में कक्षा चौथी से आठवीं तक की 500 छात्राओं ने भाग लिया। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सतीश कुमार गाबा ने बताया कि ज्ञान ज्योति परिवार वर्ष 2018 से 5वीं से 12वीं तक पढ़ रही गरीब लड़कियों को 500 रुपये प्रतिमाह स्कालरशिप देता है। वर्तमान में 550 लड़कियां यह छात्रवृत्ति प्राप्त कर रही हैं। ट्रस्ट द्वारा छात्रवृत्ति की राशि अपने जानकारों, मित्रों, संबंधी इत्यादि से एकत्र की जाती है। वहीं बसंत पंचमी पर माँ सरस्वती की पूजा भी की गई व बच्चों में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर शशि मित्तल, हरीश कालरा, ट्रस्टीज व विक्टर स्कूल से विक्रम गांधी व श्रेष्ठा गांधी आदि उपस्थित रहे।

### पाइट में अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जुटे देश भर के शिक्षाविद्

# स्मार्ट एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नॉलोजी से आत्मनिर्भर होगा देश : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में शिक्षाविद् पत्रिका का विमोचन

स्मार्ट एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नॉलोजी से भारत आत्मनिर्भर होगा। हम मेक इन इंडिया के सपने को पूरा कर सकते हैं। इसी से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जरूरत है नई तकनीक को सीखकर दूसरों को भी सिखाने की। भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है। यह बात पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में विशेषज्ञों ने की। मौका था ऑल इंडिया काउंसल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) की ओर से छह दिवसीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का। स्मार्ट एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग टेक्नॉलोजीः इंडस्ट्री 4.0 में सिद्धांत और अनुप्रयोग इसका विषय रहा। इस एफडीपी में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3डी प्रिंटिंग) के साथ इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), बिग डेटा एनालिटिक्स, साइबर-फिजिकल सिस्टम्स और स्मार्ट फैक्ट्री जैसी अत्याधुनिक अवधारणाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। थापर यूनिवर्सिटी से डॉ. सतीश शर्मा, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, आइआइटी दिल्ली से डॉ. पुलक मोहन पांडे, आइआइटी रूड़की से डॉ. वरुण शर्मा, जामिया मिलिया इस्लामिया से डॉ. आबिद हलीम, फ्रोनियस इंडिया से शशि आनंद, मैक्स हेल्थ से डॉ. निशा व सीजीसी झंझेरी से डॉ. अविनाश विशेषज्ञ के तौर पर पहुंचे। स्मार्ट एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग से स्वदेशी नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और मेक इन इंडिया पहल को मजबूती मिलेगी। वहीं, छोटे तथा मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाती है। समापन समारोह में सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम, निदेशक डॉ. शक्ति कुमार, डीन डॉ. जेएस सैनी ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की।

